तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 10 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 कलेक्टर ने किसानों से खेती को और बेहतर बनाने मांगे...





12 नालियों की नियमित सफाई के बाद भी निकल रहा ...





## खबर संक्षेप

### सेजेस बठेना में आज निकलेगी लाटरी

**धमतर।** पीएमश्री सेजेस मेहतरूराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बठेना में 10 मई को रिक्त सीटों के विरुद्ध सुबह 11 बजे लाटरी निकाली जायेगी।

### क्रिकेट समर कैम्प आज से



**धमतरी।** मैत्रीविहार कॉलोनी में 10 मई से टर्फ पर क्रिकेट समर कैम्प लगाया जा रहा है, जो 40 दिनों तक चलेगा। क्रिकेट खेलने या सीखने के लिए यहां कोचिंग दी जाएगी, जो क्रिकेट की प्रतिभा को निखारने में मददगार होगी।

### निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लास 13 से

**धमतरी।** कृष्णा पब्लिक स्कूल जलविहार कॉलोनी रुद्री में निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लास 3 मई से आयोजित होगी। यह कार्यक्रम लोगों को अंग्रेजी बोलने में निपुण बनाने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। सभी उम्र और शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले लोग इसमें भाग ले सकते हैं। सीटें सीमित हैं। रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**कुरुद।** मोटरसाइकिल में अवैध रूप से शराब की बिक्री करने ले जा रहे आरोपी को गिरफ्तार कर कुरुद पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। कुरूद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमसी 0692 में पेट्रोल टंकी के उपर हरे रंग की प्लास्टिक बोरी रखकर ले जा रहा है। उसे पकड़कर पूछताछ की गई। उसने अपना नाम प्रकाश सोनकर पिता पंचूराम सोनकर निवासी नारी बताया। प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर अंदर 35 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 3500 रूपये जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।


### 12 को गट्टासिल्ली और 13 को मोहेरा में समाधान शिविर

**धमतरी।** नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली में 12 मई को और मगरलोड विकासखंड के मोहेरा में 13 मई को समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए समाधान की जानकारी विभागवार, ग्राम पंचायतवार दी जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शिविर आयोजन की जानकारी ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इन शिविरों में संबंधित क्लस्टर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। गट्टासिल्ली में आयोजित समाधान शिविर में गोविन्दपुर, गट्टासिल्ली, झुंझराकसा, घोटगांव, करैहा, आमदी, चिंवर्री, खैरभर्री, सराईटोला मा., बटनहर्रा और बगरूमनाला को शामिल किया गया है। वहीं मोहेरा में आयोजित समाधान शिविर में बोईरगांव, मोहेरा और मारागांव ग्राम पंचायत शामिल होंगी।


---

दसवीं में टॉपटेन में जगह बनाने वाले डिम्पल व सौरभ को मिलेगी दो-दो लाख की सहायता

# नोनी, बाबू ने श्रमिक माताओं को दिया मेधावी शिक्षा का नजराना



दसवीं टॉपटेन में 9वां रैंक पाए डिम्पल साहू अपने माता-पिता के साथ।



दसवीं टॉपटेन में 6वां रैंक पाए सौरभ जोशी अपने माता-पिता के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में श्रमिक परिवार के होनहार एक बेटा और एक बेटी ने बड़ा कमाल किया है। राजमिस्त्रियों के साथ सीमेंट, रेत, गिट्टी आदि पर फावड़ा चलाकर मेहनत मजदूरी करने वाली मगरलोड के ग्राम बुड़ेनी निवासी श्रीमती सीमा जोशी और कुकरेल तहसील के ग्राम बनबगौद की श्रीमती मोतिम साहू ने अपने बच्चों को ऐसा संस्कार दिया कि दोनों संतानों ने उनका नाम रौशन कर सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। इस सफलता पर दोनों होनहार डिम्पल साहू और सौरभ जोशी को दो-दो लाख रूपये का सहयोग नोनी बाबू मेधावी छात्र योजना के तहत दिया जाएगा।

जिले में दो नहीं तीन छात्रों ने 10वीं बोर्ड में प्रदेश स्तर पर टॉपटेन किया है जिसमें बनबगौद कुकरेल की श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक मोतिम साहू की बेटी डिम्पल साहू पिता प्रीतम साहू भी शामिल हैं। मोतिम साहू बताती हैं कि उनके पास आधा एकड़ की किसानी है। पति प्रीतम खेती किसानी का मजदूरी करता है। वह मकान, भवन आदि निर्माण कार्यों में राजमिस्त्रियों के साथ मजदूरी का काम करती हैं। उन्होंने बताया उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी 12वीं में 82 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा पास की है जबकि छोटी बेटी डिम्पल ने उसे इस जहान की खुशियां दे दी हैं। डिम्पल शुरू से मेधावी रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उसके अद्भुत टैलेंट को देखते हुए बनबगौद स्कूल के शिक्षकों ने 8वीं कक्षा के बाद प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए चयन परीक्षा भी दिलवाई। डिम्पल का सिलेक्शन हुआ और वह कोरबा डिंगापुर स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में पढ़ने चली गई। मोतिम साहू कहती हैं कि उसकी बेटी ने 10वीं में टॉपटेन कर उसे जहान की खुशियां दे दी हैं। डिम्पल ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि वह इंजीनियर बनकर देश, समाज तथा माता-पिता की सेवा करना चाहती हैं।

कक्षा दसवीं में प्रदेश की टॉपटेन सूची में छठवां रैंक पाने वाले सौरभ जोशी की माता श्रीमती सीमा जोशी भी निर्माण कार्यों में मजदूरी करने जाती हैं। पिता डुमनलाल जोशी राशन दुकान में सेल्समेन का काम करता है। सीमा जोशी बताती हैं कि सौरभ शुरु से मेधावी बेटा है। उसने बुड़ेनी के शासकीय स्कूल में पढ़ाई की। उसे अपने सौरभ पर पूरा विश्वास था कि वह माता पिता का नाम जरूर रोशन करेगा। बेटे की सफलता पर वह गर्व से फूले नहीं समा रही हैं। उनका कहना है कि ऐसा बेटा भगवान सभी को दे। सौरभ ने बताया कि वह इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता है।

### इनाम में मिलेगी ई-स्कूटी और एक लाख रूपए

जिला श्रम पदाधिकारी नंदकिशोर साहू ने बताया कि श्रीमती सीमाबाई जोशी श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक हैं। उसका पंजीयन 7 फरवरी 2023 में हुआ है। उनके बेटे सौरभ जोशी ने 10वीं के टॉपटेन में 6वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह श्रीमती मोतिम साहू पति प्रीतम साहू श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक है। इनकी बेटी डिम्पल कक्षा 10वीं के टॉपटेन में 9वां स्थान पाया है। 17 जून 2024 को मोतिमबाई का सन्निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीयन हुआ है। शासन की योजना नोनी बाबू मेधावी छात्र योजना के तहत दोनों को सरकार दो लाख रूपए की सहायता देगी, जिसमें ई-स्कूटी के लिए एक लाख तथा आगे पढ़ाई के लिए एक लाख रूपए उनके बैंक खाते में जमा किया जाएगा।

---

# घर घुसकर प्रेमी ने प्रेमिका के पति के गले व पसली में मारा चाकू

- रूद्री थाना क्षेत्र की घटना, फरार आरोपी महासमुंद जिले से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रेमिका के घर में घुसकर उसके पति की हत्या करने के इरादे से चाकू से ताबड़तोड़ हमलाकर फरार हुए प्रेमी को रूद्री पुलिस ने महासमुंद के सिंघोडा से गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के एक पीड़ित ने शिकायत आवेदन किया कि राउरकेला निवासी सोनू साहू उसकी पत्नी का पुराना परिचित है। बीते दो वर्ष से सोनू उसकी पत्नी से अपने प्यार का इजहार कर उससे शादी करने की बात कहता था। इसके लिए पीड़ित को अपनी पत्नी को नहीं छोड़ने पर जान से मारने की धमकी देता था।

गुरुवार की रात्रि पीड़ित पति अपनी पत्नी व बेटी खाना खाकर सो गए थे। उनका बेटा मूवी देख रहा था। इसी दौरान आधी रात को सोनू साहू ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलने पर भीतर घुसकर उसकी पत्नी को अपने साथ चलने के लिए कहा रहा था। पीड़ित ने युवक को घर से चले जाने के लिए कहकर पत्नी व बच्चों को कमरे में ले जाकर दरवाजा बंद कर दिया। यह देख सोनू ने गुस्से में आकर जान से मार देने की बात कहते हुए हत्या करने की नीयत से जेब से चाकू निकाल पीड़ित पति पर ताबड़तोड़ हमलाकर दिया। हमले में पीड़ित के गले व पसली में चोट आई है। घायल पति ने चिल्लाते हुए सोनू को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आरोपी दीवार फांदकर फरार हो गया। आरोपी के जाने के बाद पीड़ित ने मकान मालिक को घटना की पूरी जानकारी दी। उसके बाद रूद्री थाना पहुंच शिकायत आवेदन दिया। पुलिस ने


▶▶ शेष पेज 10 पर




### ओडिशा भागने की फिराक में था आरोपी

रूद्री पुलिस ने घटना के बाद फरार हुए आरोपी सोनू साहू की तलाश शुरु कर दी। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी की पतासाजी की गई। मामले की गंभीरता को देख एसपी सूरजसिंह परिहार ने अन्य जिले के पुलिस अधीक्षक से समन्वय कर समय रहते आरोपी को पकड़वाया। देर होने की स्थिति में आरोपी उड़ीसा भाग जाता। रूद्री पुलिस की टीम ने आरोपी को थाना सिंघोडा जिला महासमुंद से धमतरी लाया।

### रिमांड पर भेजा गया

पुलिस ने आरोपी सोनू साहू को हिरासत में लेकर थाने लाकर पूछताछ की। आरोपी ने मारपीट करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।


हरिभूमि
**पाठक सूचना**
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969


---

# शहर के दो मकानों से नकदी व जेवरों की चोरी

- सोरिद नगर व रूद्री रोड की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में दो अलग-अलग मकानों में चोरी की वारदात हुई है। घटना में अज्ञात चोर ने मकान व आलमारी का ताला तोड़कर लॉकर में रखे सोने-चांदी के जेवर व नकदी रकम पर हाथ साफ कर दिया है। पुलिस के अनुसार राजू सालोमन पिता विश्राम उम्र 58 वर्ष का मकान सोरिद नगर काली मंदिर के पीछे बस्तर रोड में स्थित है। वह 6 मई की सुबह घर के मुख्य दरवाजा में ताला लगाकर शादी कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर चला गया था। दूसरे दिन सुबह काम वाली बाई उसके घर पहुंची तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। फोन से घटना की जानकारी मिलने पर मकान मालिक अपने घर पहुंचा। वहां दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। भीतर कमरे के ताले को भी तोड़ दिया गया। आलमारी का सामान कमरे पर बिखरा पड़ा था। वहीं आलमारी से 40 हजार नकदी व सोने-चांदी के जेवर कीमत 26 हजार कुल कीमत 66 हजार रूपये की अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। चोरी की अन्य घटना रूद्री रोड स्थित मकान में हुई है। नासिर खान पिता शब्बीर खान रूद्री रोड में ओजस्वी नर्सिंग होम के बाजू में स्थित मकान में परिवार के साथ रहता है। कमरे में रखी आलमारी में उसकी पत्नी व बड़ी बहू जेवर रखती है। 8 अप्रैल को उसका बड़ा बेटा व बहू हैदराबाद जाने से पहले आलमारी को खोलकर देखा तो सभी जेवर थे। बेटा-बहू के वापस आने के बाद 4 मई को उसकी पत्नी सबाना बेगम ने पैर पट्टी को साफ करने के लिये आलमारी को खोलकर देखा तो भीतर रखी ज्वेलरी नहीं थी। अज्ञात चोर आलमारी से 70 हजार रूपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरों की चोरी कर ले गया है। शिकायतों पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305-ए, 331 के तहत अलग-अलग अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।


VIDHYA KUNJ SCHOOL
LOHARSI DHAMTARI
WALK IN INTERVIEW
FOR TGT, PGT
SUBJECT - ENGLISH
SALARY : TGT-20000+ / PGT-30000+
Based on Qualification, experience, subject command and communication skills
DATE : 18/05/2025, SUNDAY
TIME - 10 a.m.
VENUE
VIDHYA KUNJ KIDS
ATHWANI GALI, DHAMTARI
No Calls
SEND YOUR CV At
89625-63393
vksldhamtari09@gmail.com



औद्योगिक वार्ड के पार्षद रामेश्वर (छोटू) वर्मा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



मा. जगदीश रामू रोहरा जी धमतरी महापौर ने औद्योगिक वार्ड के पार्षद रामेश्वर (छोटू) वर्मा द्वारा की गई डिमांड को पूरा किया गया, जिसमें महिमासागर वार्ड में अस्थाई शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति दे दी गई। आदरणीय महापौर एवं समस्त एमआईसी सदस्यों व पार्षदगणों का हार्दिक आभार... आपका रामेश्वर (छोटू) वर्मा






नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

DMT_BHOOMI_10_2025-02_Layout 1 09-05-2025 22:48 Page 1



## खबर संक्षेप

### हाईस्कूल भुसरेंगा का रिजल्ट अपेक्षा अनुरूप नहीं

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय हाईस्कूल भुसरेंगा का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष निराशाजनक रहा। परीक्षा परिणाम लगभग 50 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में विद्यार्थियों की संख्या 25 थी। उत्तीर्ण 14, अनुत्तीर्ण 7, पूरक 4 रहे। स्कूल में प्रथम वेदिका निर्मलकर 90 प्रतिशत, द्वितीय भूमिका साहू 88.66 प्रतिशत, तृतीय याचना यादव 77.15 प्रतिशत रही। इन्होंने कठिन परिश्रम कर मां-बाप, शिक्षकों व जिले का नाम रोशन किया है। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भावेश चंद्राकर सरपंच, श्रीमती ललिता साहू सरपंच प्रतिनिधि, खिलेंद्र साहू सदस्य, चमन निर्मलकर, विजय साहू, ललित दीवान सांसद प्रतिनिधि, श्रीमती नंदिनी पटेल उपसरपंच, विनोद नेताम, उदयराम साहू, हर्ष चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनय चंद्राकर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कुरूद रोशन साहू, शिव ध्रुव, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती गीता यादव, श्रीमती सुनीता कोरिया, श्रीमती लता देवांगन, यदुनंदन साहू, यशवंत सिन्हा, कल्याण कोठरे ने हर्ष जताया है।

### दो सगे भाइयों के साथ चचेरे भाई ने की मारपीट, शराब के नशे में किया हंगामा

**कांकेर।** दसपुर में दो भाईयों के साथ चचेरे भाई ने शराब पीकर हंगामा किया। समझाईस देने पर दोनो भाईयों के साथ मारपीट किया और उनको जान से मारने की धमकी भी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे दसपुर निवासी उमेश यादव ने पुलिस को बताया कि मेरे घर में 30 अप्रैल को बड़ी बहन की शादी का कार्यक्रम चल रहा था, इसी बीच मेरे चाचा दसपुर निवासी मंसा यादव का बेटा रितेश यादव शराब पीकर मेरे घर आया और मुझे नही पूछते हो कहते हुए मेरी बुआ ठगिया बाई यादव के साथ हाथापाई कर झगड़ा करने लगा, उसके बाद चला गया। दूसरे दिन 1 मई को फिर शराब पीकर घर आया। मुझे व छोटे भाई अमरदीप यादव को गाली देने लगा और हाथापाई भी किया। परिवार वालो के समझाने पर अपने घर की ओर चला गया। इसके उपरांत 7 मई की रात करीबन 9 बजें रितेश यादव मेरे घर के सामने आकर मुझे और मेरे छोटे भाई को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा, जिसे मैं और मेरा भाई बाहर निकलकर मना किए।

## निधन

### जग्गू हलवाई

**धमतरी।** स्थानीय रिसाईपारा निवासी जगमोहन यादव उर्फ जग्गू



हलवाई (65 वर्ष) का आकस्मिक निधन 9 मई शुक्रवार हो गया। वे महेंद्र यादव, तोषण यादव, अजय यादव के पिता थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### घर घुसकर प्रेमी ने प्रेमिका के पति के गले व पसली में मारा चाकू

आरोपी सोनू साहू उर्फ गुनु पिता दुर्गेश उम्र 25 वर्ष राउरकेला उड़ीसा निवासी के खिलाफ धारा 109/1, 132/बी बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी।

इस कार्रवाई में रूद्री थाना प्रभारी एएसआई अमित बघेल, एएसआई भीष्म अवस्थी, प्रआ संतेर सोरी, कमलेश ध्रुव, आरक्षक भावेशदास मानिकपुरी, रूद्रनारायण साहू, देवशंकर सोम सहित स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

गुप्त रोगी संपर्क करें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### सेवा केंद्र में संगीत, सांस्कृतिक नृत्य के साथ समर कैंप का समापन

# बच्चों की सफलता उनकी एकाग्रता पर निर्भर करती है : बीके भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र नगरी में चार दिवसीय लक्की स्टार्स समर कैंप का समापन संगीत, सांस्कृतिक नृत्य के साथ हुआ।

समर कैंप राजयोगिनी भावना के निर्देशन में आयोजन हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, विशिष्ट अतिथि विकास बोहरा उपाध्यक्ष, देवचरण ध्रुव पार्षद, शंकर देव पार्षद तथा संस्था की बीके भावना, परमेश्वरी बहन थी। शांता ने अभिवादन नृत्य प्रस्तुत किया।

बीके भावना ने कहा कि इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के चारित्रिक गुणों एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना है। कैंप के माध्यम से बच्चों को अपने अंदर छुपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्राप्त होता है। बच्चों की सफलता उनकी एकाग्रता पर निर्भर करती है। एकाग्रता का एकमात्र विकल्प मेडिटेशन है। आगे कहा कि



बच्चों को बचपन से ही अध्यात्म से जुड़कर रहना चाहिए।

नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि समर कैंप बच्चों के लिए एक अच्छा माध्यम है जहां वे विभिन्न गतिविधियों से बहुत कुछ सीख सकते हैं। हमारी जिम्मेदारी है बच्चों को प्रोत्साहित करना। उनकी कला को परखना। विकास बोहरा ने कहा कि यह समर कैंप बच्चों को परमपिता परमात्मा से जुड़ने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। बच्चों में आध्यात्मिकता बेहद जरूरी है ताकि वे अपने उद्देश्य में निरंतर सफल हो सके। त्रिशिका एवं हिमांशी ने अपने अनुभव साझा किये। इन चार दिनों में बच्चों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट के लिए टिप्स, योगा, मेडिटेशन, ड्राइंग, पेंटिंग, मनोरंजन गेम, करतब, क्विज कम्पिटिशन, गीत, संगीत, नृत्य सिखाया गया।

# दिल्ली की टीम ने पीएचसी चटौद का किया निरीक्षण







हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चटौद का इंडियंस पब्लिक हेल्थ स्टैण्डर्ड की दिल्ली टीम से डॉ. कल्पना व स्टेट से सीनिधा पटनायक ने निरीक्षण किया। टीम ने सभी विभाग के मरीजों को दी जाने वाली ओपीडी सेवा के बारे में जानकारी ली। रिकार्ड की जांच की। स्टैण्डर्ड फार्मेट में जो कमिया पाई गईं, उस पर सुधार करने उचित सुझाव दिए। हॉस्पिटल की साफ सफाई, मरीजों को दी जाने वाली ओपीडी एवं आईपीडी सर्विस के लिए स्टॉफ की प्रशंसा की गई। नेत्र ओपीडी में डॉ. कल्पना ने अपनी आंखों का जांच कराई। जांच उपरांत नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी द्वारा निःशुल्क लुब्रिकेटीन आई ड्राप भी दिया गया। ग्रामीण क्षेत्र में मरीजों को दी जाने वाले नेत्र ओपीडी सेवा को देखकर दिल्ली के डॉक्टरों ने ख़ुशी जाहिर कर स्टेट लेवल में नॉमिनेट करने के सुझाव दिए। निरीक्षण टीम में डॉ. प्रिया कंवर, डीपीएम मैडम जिला अस्पताल धमतरी भी उपस्थित थी।

## पुष्पांजलि ने 10वीं में 97 प्रतिशत अंक अर्जित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गायत्री परिवार की पूर्व ट्रस्टी श्रीमती पद्मिनी साहू की पुत्री पुष्पांजलि साहू ने 10वीं में 97 प्रतिशत प्राप्त कर धमतरी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वह सर्वोदय इंग्लिश हाईस्कूल में अध्ययनरत हैं। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती तारा सिन्हा समेत उनके परिजन संदीप देशमुख, साक्षी देशमुख, प्रज्ञा साहू, खोमेश साहू, केशनी साहू व इकाई के अन्य




सदस्यों ने छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## संस्थागत प्रसव करने में पीएचसी बेलरगांव अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखंड में करीब 38000 की जनसंख्या को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ प्रदान करने वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलरगांव अब संस्थागत प्रसव कराने में नगरी विकासखंड में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में से सबसे अव्वल रहा। यहां चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जय किशन नाग के नेतृत्व में वर्ष 2024-25 में कुल 120 संस्थागत प्रसव कराकर नया रिकॉर्ड बनाया गया।



विगत 1 वर्ष पहले मातृ मृत्यु दर चार थी। इस वर्ष डॉक्टर जय किशन नाग की रणनीति के तहत मितानिन, फील्ड स्टाफ, डॉक्टर द्वारा नियमित गर्भवती महिलाओं के घर-घर जाकर स्वास्थ जांच की गई। फलस्वरूप मातृ मृत्यु दर घटकर एक पर आ गई है। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलरगांव में प्रसव पूर्व व प्रसव उपरांत महिलाओं को संपूर्ण चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। यहां के अधिकारी कर्मचारी शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है।

# एक देश-एक चुनाव पर संगोष्ठी 12 को

- कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

एक देश, एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जनचेतना जागृत करने छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज नगरी द्वारा 12 मई को दोपहर 3 बजे साहू सदन नगरी में संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त अधिकारी आरएल देव, केएस श्रीमाली और एएल बनपेला अपने विचार साझा करेंगे। संगोष्ठी में जिले की सांसद द्वय श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं भोजराज नाग, विधायक अजय चंद्राकर,






धमतरी महापौर रामू रोहरा तथा पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद सहित उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विषय की गंभीरता व महत्व को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

इस बैठक में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहर, आर्थिक प्रवक्ता कमल डागा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नहटा एवं अकबर कश्यप, मंडल अध्यक्ष संजय शांडिल्य, महामंत्री वासु साहू, टिकेश्वर साहू, राजेशनाथ गोसाई, जनपद सदस्य रूपेन्द्र साहू, मंडल उपाध्यक्ष सुलोचना साहू व प्रवीण गुप्ता, मंत्री नरेन्द्र सिंह, कमलेश साहू, दीनदयाल सेन, संतोष ठाकुर, कोषाध्यक्ष आंचल यादव, सोशल मीडिया प्रभारी दानवीर मरकाम, बेलर मंडल महामंत्री मोनू साहू एवं दीपक साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 12वीं में वाणिज्य संकाय की गोपेश्वरी ने किया टॉप



- दसवीं में वागेश 92 .83 प्रतिशत के साथ अव्वल रहा
- दरबा स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरबा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं में 86.86 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। 44 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 37 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी एवं 5 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय की छात्रा गोपेश्वरी साहू पिता भोजराम साहू ग्राम मुरा ने 89.0 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम, कला संकाय में छात्रा पायल यादव पिता चतुर राम ग्राम मोहंदी 87 प्रतिशत के साथ द्विती तथा विज्ञान संकाय में विनय कुमार साहू पिता सुकदेव ग्राम कुल्हाड़ी एवं अमन सपहा दरबा ने 83.60 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय के 77.50 प्रतिशत विद्यार्थी ने सफलता हासिल की। 30 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 28 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी तथा 4 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। दसवीं में वागेश कुमार पिता हिरामन लाल यादव ग्राम दरबा ने 92.83 प्रतिशत के साथ प्रथम, साधना पिता मुकेश कुमार ग्राम मुरा ने 90.67 प्रतिशत द्वितीय, दुर्गा पिता तिलक राम साहू ग्राम मुरा ने 89 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शाला की प्राचार्य श्रीमती सीमा कटारे ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान की। यह जानकारी बोर्ड प्रभारी विनोद कुमार साहू व्याख्याता वाणिज्य संकाय ने दी।

## 98.5 प्रतिशत के साथ यतिंद्र ब्लॉक में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

शासकीय प्राथमिक शाला मरारपारा बारना का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 5 वीं बोर्ड कक्षा में धमतरी ब्लॉक में प्रथम यतिन्द्र कुमार पटेल 98.50 प्रतिशत एवं द्वितीय कुमारी हिमानी साहू ने 98 प्रतिशत प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया। गगन पटेल ने 94 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। सरपंच दीपक पटेल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता



साहू, प्रधानपाठिका श्रीमती उमा निर्मलकर, अतिथि शिक्षक नीरज साहू, कुमारी चांदनी साहू, कुमारी तारिणी साहू, नंदनी पटेल, हिना साहू, पूर्णिमा पटेल, भगवती पटेल, नीरा साहू, अमना साहू, राजकुमार पटेल, डोमन साहू ने हर्ष जाहिर किया है।

## 12 वीं में 85.6 प्रतिशत के साथ नवीन अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीकला में कक्षा 12वीं में नवीन कुमार साहू ने टॉप किया है। ग्राम बकली निवासी नवीन कुमार साहू पिता पिता पुनाराम साहू कक्षा 12वीं



में 85.6 प्रतिशत के साथ कक्षा में अव्वल रहा। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ एवं ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

## ऐजे इंग्लिश स्कूल में 10वीं का परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ऐजे इंग्लिश स्कूल कुरूद के कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्रथम तोशिबा चंद्राकर पिता क्रांति कुमार चंद्राकर 95 प्रतिशत, द्वितीय पूजा साहू पिता त्रिभुवन साहू 83 प्रतिशत रहे। स्कूल का परीक्षा परिणाम 88.8 प्रतिशत रहा। कुल 9 विद्यार्थियों में से 8 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 1 विद्यार्थी पूरक रहा। स्कूल के प्राचार्य एसएन पंडा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। संचालक अय्यूब खान ने कहा



कि विद्यार्थी किसी कारणवश सफल नहीं हो पाए वे बिल्कुल निराश न हो। पुनः कड़ी मेहनत करें, सफलता जरुर मिलेगी।

मौके पर शिक्षक विजय कुमार साहू, मिलेश्वर साहू, टोमन लाल, प्रमिला पंडा, चुरामिन साहू, ऐरावती चंद्राकर, नीतू साहू, दामिनी ध्रुव, काजल साहू, डोवेश साहू, केशकुमारी साहू, फनेश्वरी साहू, इफरा खान ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### सेजेस सिंगपुर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

# परिणाम जानते ही मिठाई एवं पटाखे लेकर स्कूल पहुंचे पालक

- सीसीटीवी कैमरे के लिए एक लाख की व्यवस्था करेंगे पालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सेजेस सिंगपुर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत आने पर पालक मिठाई एवं फटाकों के साथ स्कूल पहुंचे। एक दूसरे को बधाई देकर मिठाई खिलाई एवं खूब नाचे गाये भी। दृश्य बड़ा भावुक था। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर में कक्षा दसवीं में 46 विद्यार्थियों में से 37 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और शेष 9 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। हायर सेकंडरी परीक्षा में कला, वाणिज्य, विज्ञान संकायों




के कुल 27 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें 21 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और शेष 6 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस तरह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वनांचल और कमार जैसे विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्र के स्कूल में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाना आसान काम नहीं था। इस सफलता के पीछे छुपा है स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर के प्राचार्य डॉ व्हीपी चंद्रा का नेतृत्व, एसएमडीसी एवं शिक्षकों का संकल्प और पालकों का जुनून। पूरे शाला परिवार की अटूट मेहनत और लगन ने दिखा दिया कि असम्भव कुछ भी नहीं है। पालकों को जिम्मेदारी दी गई कि गृह कार्य कराकर ही बच्चों को स्कूल भेजें। पालकों ने इसे बखूबी निभाया। महिलाओं की शत प्रतिशत भागीदारी हेतु मां भी स्कूल आएगी कार्यक्रम चलाया गया। इस तरह परस्पर सहयोग, टीम भावना और सामूहिक लक्ष्य से शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया गया।

विद्यालय में खुशियां मनाने के लिए पहुंचने वाले पालकों में एसएमडीसी अध्यक्ष धनंजय साहू, उपाध्यक्ष राधेलाल सिन्हा, सदस्यों में अयूब खान रिजवी, विष्णु निर्मलकर, सुनीता ध्रुव, सफीना बानो, विधायक प्रतिनिधि इशहाक खान, केशव साहू, हरि मरकाम, उपसरपंच ज्योति तिवारी, डीपी बागड़े, सरपंच लोमेश्वर साहू, डॉ हेमंत साहू, तोरण कंवर, हेमंत मरकाम, टिकेश्वर ध्रुव, गोकुल ध्रुव, चंपा साहू, भूषणलाल शामिल हैं। कार्यक्रम समापन के अवसर पर पूरे परिसर को सीसीटीवी कैमरे से लैस करने पालकों ने 1 लाख रुपये सहयोग का संकल्प लिया।

## बारहवीं में पोषण तथा दसवीं में दुर्गेश्वरी प्रथम

- सरगी उमावि का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगी का हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत एवं हाईस्कूल का परिणाम 76.38 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में 21 विद्यार्थियों में 10 प्रथम श्रेणी एवं 11 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में उत्तीर्ण 55 विद्यार्थी में से 21 प्रथम श्रेणी, 33 द्वितीय श्रेणी एवं 1 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में दुर्गेश्वरी साहू 94.3 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, तेजस्विनी 90 प्रतिशत द्वितीय, तुलसी 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 12वीं में पोषण सिन्हा 81.4 प्रतिशत प्रथम, गगन साहू 79.8 प्रतिशत द्वितीय, जाह्नवी निषाद 77.6 प्रतिशत



अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य के कंवर, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष खूबलाल साहू, सरपंच हरिविनायक सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि भानसिंह ध्रुव, सदस्य टेकराम साहू, इंद्रमण ध्रुव, भेखूराम साहू, कुंती साहू, ऋतु साहू, शिक्षाविद इतवारीराम ध्रुव, व्याख्याता एमके अडिल, जीके गंगासागर, जीएस कश्यप, जीके देवांगन, लता ध्रुव, उमा ध्रुव, रोशन निषाद, निर्मला आजाद, सुभाषचंद्र साहू, दीपक वर्मा, दिकपाल कौरव, सुश्री सुमन पटेल, यशोदा साहू, छबिनी कंवर ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### कृषि विभाग तथा राजस्व अमला करेगा फसल क्षति का सर्वे

**धमतरी।** असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि से रबी फसल को हुई क्षति का सर्वे कृषि तथा राजस्व विभाग करेगा। कार्यालय उपसंचालक कृषि ने चारों विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को पत्र जारी कर जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। कृषि अधिकारी श्री पनिका ने बताया कि जिले में रबी फसल पर चना, गेंहू तथा अलसी फसल का बीमा करने का प्रावधान है। वर्तमान में तीनों फसल की कटाई हो चुकी है। जिले में रबी फसल पर 24201 हेक्टेयर में धान की फसल लगाई गई है। बेमौसम बारिश, आंधी और ओलावृष्टि से धान की फसल को व्यापक रूप से नुकसान पहुंचने की संभावना है। किसानों की मांगों को लेकर राज्य सरकार ने रबी फसल में क्षति का सर्वे करने का आदेश दिया है। जिसके तहत कृषि विभाग का मैदानी अमला तथा राजस्व विभाग के पटवारी फसल क्षति का सर्वे करेंगे। श्री पनिका ने बताया कि कार्यालय उपसंचालक कृषि विभाग ने धमतरी, कुरूद, नगरी तथा मगरलोड के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों को पत्र जारी कर कहा है कि असामयिक वर्षा, ओलावृष्टि से रबी फसलों को क्षति होने की संभावना है। अपने विकासखंड की जानकारी तत्काल प्रस्तुत करने को कहा है। जानकारी में बोई गई फसल का नाम, क्षेत्र, फसल क्षति का क्षेत्र, क्षति का प्रकार तथा क्षति का आकलन बताया जाना है।

### सरोना तहसील स्तरीय पत्रकार संघ का हुआ गठन



**सरोना।** तहसील सरोना के ग्राम मुड़पार में आयोजित बैठक में सरोना तहसील स्तरीय पत्रकार संघ का औपचारिक गठन किया गया। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में सक्रिय पत्रकारों को एक संगठित मंच प्रदान करना और पत्रकारिता के मूल्यों की रक्षा के लिए एक सशक्त आवाज खड़ी करना रहा। राजकुमार कश्यप को अध्यक्ष, चन्द्रभान साहू और सुरज मंडावी को उपाध्यक्ष, सचिव दीनदयाल साहू, कोषाध्यक्ष पृथ्वी रामटेके, सलाहकार विवेक दास मानिकपुरी, सदस्य तोरण साहू, रंजीत शोरी और मोहित रजक, संरक्षक अशोक लुनावत, श्रवण बेसरा और खेमनारायण शर्मा को मनोनीति किया गया।

### पीएटी एवं पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा कल, 1305 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15 मई दिन गुरूवार को पूर्वान्ह 09 से 12.15 बजे तक पीएटी एवं पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के कुल 1305 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा परीक्षा का सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा हेतु शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इन्दरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही कांकेर, पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर तथा सेंट माइकल हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### तरांदुल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**कांकेर।** वनांचल पहाड़ी पर स्थित शाउमा विद्यालय तरांदुल के 12 वीं एवं कक्षा दसवीं का परिणाम विगत पांच वर्षों की तरह 100 प्रतिशत रहा। ग्राम पंचायत संगीता गोटा, उपसरपंच रामेश्वर कोर्राम एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी सदेसिह कोमरे ने संस्था के सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बेहतर भविष्य की कामना किया। भानुप्रतापपुर विकासखंड के शाउमावि तरांदुल में दसवीं में 25 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 15 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी और 10 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। दसवीं में सर्वाधिक अंक 76.1 प्रतिशत लाकर रजनी हुपेण्डी प्रथम, 69.3 प्रतिशत कमलेश्वरी और निर्मला द्वितीय तथा 67.8 प्रतिशत लाकर आशुमा कोमरा तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 12 वीं में 17 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी 10 और द्वितीय श्रेणी से 07 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 वीं में विज्ञान संकाय में 5 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें 75.2 प्रतिशत अंक लाकर सचिना कड़ियाम प्रथम, 70.2 प्रतिशत रितु कोर्राम द्वितीय और 68 प्रतिशत के साथ राम प्रसाद तृतीय स्थान पर रहे। कला समूह में कुल 12 छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें 69.2 प्रतिशत लाकर दिनेश कुमार कावड़े प्रथम, 68.8 प्रतिशत मनेश कुमार गोटा द्वितीय और 67 प्रतिशत लाकर ललिता मण्डवी तृतीय स्थान पर रहे।

फसल चक्र परिवर्तन और दलहन-तिलहन की खेती पर हुई चर्चा

# कलेक्टर ने किसानों से खेती को और बेहतर बनाने मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

**मथुराडीह में लगा किसान चौपाल**




खेती-किसानी को बेहतर बनाकर लाभ के व्यवसाय के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जिले में लगातार किसान चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। धमतरी विकासखण्ड के ग्राम मथुराडीह में आयोजित किसान चौपाल में किसानों ने दलहन-तिलहन फसलों के अलावा फसल चक्र परिवर्तन में गांव और किसानों के जीवन मे आये बदलाव की चर्चा हुई। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसान चौपाल में आसपास के प्रगतिशील किसान आए हैं, जिन्होंने पारम्परिक खेती को छोड़कर आधुनिक खेती अपनाई और प्रगति की राह में आगे बढ़ रहे है। क्षेत्र के किसानों के लिए यह अच्छा अवसर है, वे इन प्रगतिशील किसानों की बातों को सुनें और उनकी पद्धति अपना कर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हमारा जिला उत्कृष्ट किसानों से परिपूर्ण है, जो कोदो, रागी, मिलेट्स, चना बीज उत्पादन और फसल चक्र अपनाकर जल संरक्षण में भी अपना सहयोग दें रहे है।

कलेक्टर ने कहा कि अब समय आ गया है कि धान की पारम्परिक खेती को छोड़कर किसान नगदी फसल, पशुपालन, उद्यानिकी फसल की ओर कदम बढ़ाएं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि आप सभी की सुविधा के लिए यहां कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मछलीपालन सहित अन्य समवर्ती विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये हैं, जहां आप किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते है। कलेक्टर ने किसानों से खेती को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं सीईओ ने किसान राजकुमार सिन्हा और तोमन सिंह ध्रुव को बीज भी वितरित किया। सीईओ जिपं श्रीमती रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए इन शिविरों का आयोजन अच्छी पहल है। किसान चौपाल में जब किसान अपने अनुभव बताते है, तो दूसरे किसानों को इसका लाभ मिलता है। चौपाल में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंगीरा ध्रुव, जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, सरपंच श्रीमती वसंती नेताम, सभापति अग्रवाल साहू के अलावा उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, उपसंचालक पशुपालन एसएस बघेल, एसडीओ कृषि मनोज सागर सहित प्रगतिशील किसान संजय रामटेके, राधेश्याम साहू, मनोज कुमार साहू, परेश पाल, केलाराम निषाद, बीरसिंह सोरी और क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

# सिहावा की संध्या बनी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा

- बिहान से जुड़कर बनी लखपति दीदी, महीने में 10 हजार से अधिक का आय कर रही अर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



संध्या सुभाष मानिकपुरी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी है। जिले के वनांचल सिहावा (नगरी) की रहने वाली श्रीमती संध्या सुभाष मानिकपुरी बिहान समूह से जुड़कर साबित कर दिखाया कि अंधेरों से मिल रही रोशनी के जरिए हम अपने जीवन को नई दिशा दे सकते हैं। आज महिलाओं को आत्मनिर्भरता के साथ स्वावलंबी जीवन जीने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। इन्हीं योजनाओं में से एक है बिहान की लखपति दीदी योजना। जिसमें महिलाओं को वित्तीय सहायता देकर उन्हें आर्थिक रुप से सुदृढ़ किया जा रहा है। जिले में भी कई ऐसी महिलाएं हैं जो इन योजनाओं के सहारे अपने पैरों पर खड़ी हुईं हैं। सिहावा में ऐसी ही लखपति दीदी संध्या मानिकपुरी को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत पूर्व में महिला मेट सम्मान भी मिला। पति के गुजर जाने के बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कोई स्वरोजगार करना चाहती थी। बारहवीं तक पढ़ी लिखी संध्या को विश्वास था कि अब वे सिलाई सीख सकती है। इससे आमदनी भी अच्छी होगी। यह सोचकर गांव में 10 महिला सदस्यों का ओम स्व-सहायता समूह के नाम गठन किया। सभी दीदियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की जानकारी दी। समूह की महिलाओं को आय स्रोतों में वृद्धि कैसे हों, आत्मनिर्भरता की ओर कैसे अग्रसर हों इन चीजों को वह भली-भांति समझती थी।

इस संबंध में लखपति दीदी बनी श्रीमती संध्या मानिकपुरी बताती हैं कि वह बिहान समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी। मेहनत रंग लाई। ब्लाउज, पेटीकोट, डिजाइनर शूट, शाला गणवेश, बच्चों के लिए शर्ट-पेंट, सलवार कुर्ती के कार्य से माह में लगभग 10 हजार रुपए से 12 हजार रुपए तक आमदनी हो जाती है। अब गांव की अधिकांश महिलाएं संध्या के पास ही कपड़े सिलवाने आती हैं। इससे उनकी आय इजाफा हुई है। उनका मानना है कि दुनिया में कोई भी काम कठिन नहीं है और न ही किसी काम की कोई सीमा है। बस जरूरत है इच्छा शक्ति और संकल्प की।

# एक माह पहले मानसून की आहट

**40 से 50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

दक्षिण-पश्चिम मानसून के 13 मई के आसपास दक्षिणी अंडमान सागर, दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तथा निकोबार द्वीप समूह की ओर आगे बढ़ने की प्रबल संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले पांच दिनों तक प्रदेश के एक दो स्थान पर मध्यम से तीव्र मेघ गर्जन की संभावना है। अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन के आसार नहीं हैं।

आसमानी सिस्टम में उत्तर दक्षिण द्रोणिका दक्षिण तेलंगाना से रायल सीमा और तमिलनाडु होते हुए मन्नार की खाड़ी तक समुद्रतल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर है। पूर्वी उत्तर प्रदेश से उत्तरी आंतरिक कर्नाटक तक समुद्रतल से 9.4 और 12.6 किमी ऊपर पश्चिमी हवा का गर्त बना हुआ है। वहीं दक्षिण पश्चिम मानसून 13 मई के आसपास अंडमान सागर दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह की ओर आगे बढ़ने की बहुत संभावना है। शनिवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। आज के लिए चेतावनी में कहा है कि प्रदेश के एक दो स्थानों में मेघ गर्जन के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। जिले में अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान 39 से 26 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

# सुशासन तिहार में मिला जमीन का मालिकाना हक

- खिसोरा में आयोजित समाधान शिविर में अंगारा के देवेन्द्र ने किया था आवेदन, हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने तथा आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र से लेकर गांवों तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस सुशासन तिहार में मिले समस्या, मांग और शिकायतों की जानकारी आवेदकों को देने के लिए समाधान शिविर भी लगाए जा रहे हैं। बीते दिनों मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खिसोरा में आयोजित समाधान शिविर में अंगारा निवासी देवेन्द्र साहू भी पहुंचे। श्री साहू ने बताया कि सुशासन तिहार 2025 के तहत उन्होंने समाधान पेटी में स्वामित्व कार्ड के लिए आवेदन दिया था। उनके आवेदन पर विभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही की गई। समाधान शिविर में उन्हें उनकी भूमि का मालिकाना हक स्वामित्व कार्ड के रूप में प्रदान किया गया है। श्री साहू खुश होकर कहते हैं कि सुशासन तिहार से उनकी जमीन का अधिकार पत्र मिल गया है। स्वामित्व कार्ड मिल जाने से उनकी भूमि तो सुरक्षित हो ही गई है साथ ही इस कार्ड की मदद से जमीन संबंधी काम और बैक ऋण भी आसानी होगी।

### विद्यार्थियों को मिल रही ऑन जॉब ट्रेनिंग

**नगरी।** पीएमश्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी के विद्यार्थी व्यावसायिक प्रशिक्षक मोनिका सिन्हा एवं शाला के प्राचार्य एसके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन अवकाश में मोक्षदा चॉइस सेंटर छिपली नगरी में कुंदनलाल साहू के दिशा-निर्देश में ट्रेनिंग ले रहे हैं। इस दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर से संबंधित विभिन्न कार्यों के बारे में सिखाया और बताया जा रहा है जैसे प्रिंट आउट निकालना, एमएस ऑफिस में कार्य करना, हिंदी टाइपिंग करना। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के आईटी ट्रेड के कुल 81 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

# दसवीं में पल्लवी ने मारी बाजी



- बाजार कुर्रीडीह स्कूल का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा दसवीं व बारहवीं के नतीजे दिनांक 7 मई को घोषित किए गए।

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा। व्याख्याता डॉ. आशीष नायक ने बताया कि 43 में से 36 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 43 में से 19 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 17 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में आये हैं।

प्रथम स्थान पल्लवी ने 82.66 प्रतिशत ने प्राप्त प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर उमेश 77.50 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर गौरव 77.33 प्रतिशत और प्रफुल्ल 77.33 प्रतिशत रहे। यहां भी छात्राओं ने बाजी मारी। इस सफलता पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नरेश मरकाम, संस्था प्रमुख अभय राम ध्रुव, चुम्मन साहू, कमलेश निषाद, शिवकुमारी नेताम, भावना रामटेके, भागीरथी ने हर्ष जताया है।

### समर कैंप में छात्रों ने लोशु ग्रिड अंक के बारे में जाना

**नगरी।** साहू सदन नगरी में इन दिनों अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी द्वारा समर क्लास चलाई जा रही है। चतुर्थ दिवस के अतिथि लोमश प्रसाद साहू, कौशल प्रसाद साहू, निशा साहू, शशिकला बैरागी, तुलाराम साहू थे। निशा साहू द्वारा मेडिटेशन क्लास के साथ योगा क्लास ली गई। योग के विभिन्न आयाम प्राणायाम, आसन, नियम के बारे में बताया गया जिनका लाभ 60 छात्र-छात्राओं ने लिया। निशा साहू ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। यह मन और शरीर दोनों के लिए लाभदायक है। मास्टर ट्रेनर कौशल प्रसाद साहू ने लोशु ग्रिड अंक बनाना सिखाया। चुलेश्वर साहू, प्रवीण साहू, सागर साहू, वैभव साहू, तेजस्वी साहू, हिमांशी साहू, निरंजना साहू, तेजस्वी साहू, खुशी साहू, प्रतिमा साहू अंक ज्योतिष में रुचि ले रहे थे।

# टीचर्स एसोसिएशन ने लंबित पदोन्नति की मांग की



- प्रतिनिधिमंडल ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, डीपीआई, सहायक संचालक को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने क्रमोन्नत वेतनमान देने का जनरल आदेश जारी करने व युक्तियुक्तकरण नियम में संशोधन, लंबित पदोन्नति की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग व डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी, सहायक संचालक आशुतोष चावरे, सहायक संचालक अशोक नारायण बंजारा को आवेदन सौंप अपनी मांग रखी।

इस दौरान रायपुर संभाग में मिडिल प्रधानपाठक व व्याख्याता के रिक्त पदों पर पदोन्नति करने की चर्चा की गई। डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी ने सभी मांग पर निर्णय लेने की बात कही। सोना साहू के पक्ष में हुए उच्च न्यायालय के डबल बैंच के प्रकरण के तहत क्रमोन्नत वेतनमान दिए जाने का निर्णय किया गया है। प्रदेश में कार्यरत सभी एलबी संवर्ग के लिए आदेश जारी किया जाए। न्यूनतम विद्यार्थी संख्या पर एक प्रधान पाठक व चार शिक्षक के सेटअप की मांग की। 2 अगस्त 2024 के युक्तियुक्तकरण नियम में न्यूनतम विद्यार्थी संख्या पर भी एक प्रधानपाठक व चार शिक्षक का सेटअप स्वीकृत करने सहित 15 बिंदुओं में मांग की गई। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, संयोजक सुधीर प्रधान, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, जिलाध्यक्ष धमतरी डॉ. भूषण लाल चंद्राकार, धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम, कुरूद ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, कुरूद ब्लॉक कोषाध्यक्ष लोमस साहू, खिलेश्वर कश्यप, कंवल राम साहू मौजूद थे।

# उप नेता प्रतिपक्ष रात में पहुंचे पावर हाउस

- वार्डों और फिल्टर प्लांट में बिजली की समस्या को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन विभिन्न वार्ड एवं फिल्टर प्लांट में बिजली बंद की सूचना मिलने पर रात्रि 10:30 बजे बिजली ऑफिस पहुंच कर संबंधित अधिकारी से चर्चा कर शिकायत दर्ज कराई। फिल्टर प्लांट में दोपहर 3 बजे से लाइट बंद होने की शिकायत दर्ज कराई ताकि गर्मी के दिनों के निगमवासियों को पानी की सप्लाई में किसी भी प्रकार की तकलीफों का सामना न करना पड़े। प्लांट में बिजली बन्द होने से सीधा असर वार्डों में दिखाई देता है। वार्ड की जनता पानी के लिए इधर उधर गुहार लगाते नजर आते हैं। शिकायत के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा फिल्टर प्लांट में बिजली की सप्लाई चालू कराई गई।

# हाईस्कूल घटुला में तुकेश 91.17 प्रतिशत के साथ प्रथम



**नगरी।** शासकीय शीतला देवी हाईस्कूल घटुला में कक्षा दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। छात्र तुकेश कुमार पटेल पिता डिलेश पटेल ने 600 में से 554 अंक अर्जित किए। 91.17 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहा। मोनू साहू महामंत्री भाजपा मंडल, शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, परमेश्वर साहू, केदार, रंजना पटेल, अजय नाग, कीर्ति साहू, उत्तम साहू, नवीन साहू, बंटी साहू, ओम साहू, लतखोर पटेल, कौशलेश कौशल पटेल, भानेन्द्र पटेल ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जिले के चार सेजेस स्कूल के शिक्षकों ने आईसर पुणे की कार्यशाला में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में धमतरी जिले से चार व्याख्याता रेशमा साहू सेजेस बठेना, नम्रता देशमुख सेजेस कुरूद, शालिनी साहू सेजेस भैसमुंडी, आस्था जाचक सेजेस नगरी का चयन हुआ। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान आईसर पुणे में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में उक्त शिक्षकों ने सहभागिता दी। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा एवं राज्य परियोजना रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित किया गया था। आशीष गौतम पीएम श्री समन्वय छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में जिले के चारों व्याख्याता ने इस प्रशिक्षण में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा परिचर्चा व क्रियाकलाप संपादित किया जिसमें पेन प्लॉटर, 3 डी पेन आर्ट, पॉटरी सेशन, लेजर लाइट शो, क्रिटिकल थिंकिंग सेशन, ग्राफ एंड डाटा सेशन, क्विज सेशन फार टीमवर्क, आइसर पुणे में अध्यनरत छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों से वार्तालाप का सेशन, फ्लाई हाउस विजिट, बर्ड हाउस विजिट, एनएमआर मशीन की संरचना, डे टाइम एस्ट्रोनामी, वितरित की गई सामग्री, क्यूरियोसिटी बॉक्स, माइक्रोस्कोप, बुकलेट, पुराने न्यूज़पेपर से एक्टिविटी, लेजर लाइट एक्टिविटी 3डी पेन से चश्मा निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक चॉक मशीन से मटका बनाना, टेलीस्कोप से दिन में तारों एवं ग्रह उपग्रह का अवलोकन तथा जीव विज्ञान गणित भौतिक तथा रसायन विशेष से संबंधित बहुत सारे एक्टिविटीज को वर्कशॉप में बताया गया।

असिस्टेंट प्रोफेसर डिपार्मेंट आफ फिजिक्स ने टीमवर्क इन लर्निंग साइंस के लिए क्विज प्रयोग किया और बेहतरीन तरीके से उन्होंने बताया कि हम कैसे अपने कक्षा में विद्यार्थियों को नियंत्रित कर सकते हैं। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति शिक्षकों द्वारा दी गई। रायपुर जोन से रेशमा साहू ने छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति का परिचय छत्तीसगढ़ी भाषा में देते हुए अपने ग्रुप के साथ सुआ एवं पंथी नृत्य पर सामूहिक प्रस्तुति दी।



## खबर संक्षेप

### हाईस्कूल सोरिदभाट की मीनाक्षी अव्वल

**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल सोरिदभाट में कक्षा 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम 82.98 प्रतिशत रहा। प्राचार्या डॉ. रचना मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थियों की कुल प्रविष्टि 47 है जिनमें कुल 39 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। मीनाक्षी साहू पिता यशवंत साहू ने 96 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। मीनाक्षी ने जिले की प्रावीण्य सूची में नौंवा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह योगिता पिता किरण अमादिया 88 प्रतिशत द्वितीय एवं चंचल साहू पिता शंभूराम ने 82. 33 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा विद्यालय परिवार ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सिंदूर मिटाने वालों का काल बना अभियान सिंदूर : उमेश

**धमतरी।** पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने कहा कि पहलगाम में जिस



तरीके से आतंकियों ने धर्म पूछकर नरसंहार की घटना को अंजाम दिया है, वह पूरे विश्व में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। जवाबी कार्यवाही के रूप में भारतीय सेना ने अभियान सिंदूर के माध्यम से उनके ठिकानों में घुसकर उनको सजा दी है। भारत अब ऐसा कत्लेआम कभी नहीं सहेगा। इस देश के नागरिकों पर असुरक्षा जब भी मंडराएगी, यह निश्चित है कि ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले किसी भी हाल में बख्शे नहीं जाएंगे। श्री साहू ने आगे कहा कि इस घटना से हम सबको सतर्क होने की जरूरत है। जागरूक होने की जरूरत है। परिवार के साथ जब भी हम बाहर जाते हैं तो सुरक्षा के उपाय भी हमें स्वयं करना होगा। जब से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से गरीब परिवारों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू हुई। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काफी काम हुए हैं। देश के लोगों ने यह महसूस किया है कि अब हमारा देश भी एक सुरक्षित हाथों में है।

### विज्ञान तथा सनातन का समागम है ऑपरेशन सिंदूर : विजय



**धमतरी।** भारतीय सेना की शौर्य गाथा में 6 मई की अर्धरात्रि को एक नया अध्याय तब जुड़ गया जब पाकिस्तान में घुसकर पहलगाम के आतंकवादी नरसंहार का बदला लेने के लिए आतंकी शिवरों को नेस्तनाबूत किया गया। इस साहसिक कार्य का आमापारा वार्ड पार्षद विजय मोटवानी ने स्वागत करते हुए इसे देश के प्रत्येक नागरिक की भावनाओं की अभिव्यक्ति बताया है। श्री मोटवानी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ता हुआ भारत आज आतंकवादी घटनाओं के विरूद्ध आपरेशन सिंदूर का आगाज कर यह बता दिया कि विज्ञान के क्षेत्र में यदि भारत में नई टेक्नोलॉजी के साथ आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ा है तो उसकी नींव सनातन धर्म के अध्यात्म पर टिकी हुई है।

प्रतिबंधित प्लास्टिक का अब भी जमकर हो रहा उपयोग

# नालियों की नियमित सफाई के बाद भी निकल रहा प्लास्टिक का कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम प्रशासन द्वारा नालियों, नालों की नियमित सफाई करने के बाद भी प्रतिदिन प्लास्टिक, झिल्ली का कचरा निकल रहा है। प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग के बाद नागरिक इसे खुले में या नालियों में फेंक रहे हैं। यह कचरा नालियों को चोक कर पानी के बहाव को रोकता है। इससे शहर में जलभराव की समस्या पैदा होती है। शहर में बड़ी छोटी करीब 150 नालियां है। नाली पानी निकासी के लिए बनाई गई है लेकिन शहरी नागरिक नालियों में ही कचरा डाल रहे हैं। या खुले में फेंका हुआ कचरा नालियों में जा रहा है।

एमआईसी मेंबर नीलेश लुनिया, निगम के उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, शहरी नागरिक रौनक अग्रवाल का कहना है कि नाला, नालियों की सफाई पिछले पखवाड़े भर से चालू है। पीडी नाला की सफाई पिछले 10 दिनों से जेसीबी, चेन माउंटेन से हो रही है। नियमित सफाई के बाद दूसरे दिन फिर प्लास्टिक का कचरा निकल आता है जो शहर के लिए बड़ी विडम्बना है। एक तरफ निगम सफाई में जुटा है तो वहीं नागरिकगण इसमें सहयोग देने की बजाय कचरा नालियों में डाल रहे हैं।

नालियों में कचरे के कारण जलभराव की समस्या बन रही है। नागरिकों, व्यापारियों की मदद से नालियों को प्लास्टिक मुक्त किया जा सकता है। इस कार्य में सबका सहयोग जरूरी है। शादी, पार्टियों, फंक्शन में अधिकांशतः प्लास्टिक का उपयोग होता है जिसे बाहर खुले या नालियों में डाल दिया जाता है। शहरी नागरिक पूर्व प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे, आकाश गोस्वामी, टिक्की निर्मलकर का कहना है कि स्वच्छता अभियान एक सामूहिक कर्तव्य है। आम आदमी में इसकी जागरूकता आनी चाहिए। नागरिकों के सहयोग से बिना प्रशासन अकेला कुछ नहीं कर सकता। लोगों को अच्छी आदतें सीखनी चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन प्रारंभ हुए 11 वर्ष हो गए हैं किंतु नागरिकों में अभी भी जागरूकता नहीं आई है। शिकायत की बजाय अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। प्लास्टिक के कचरे व्यवस्थित रखें। नियत स्थान पर रखें। खरीदी के समय प्लास्टिक को बायकाट करें। झिल्ली प्लास्टिक पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन है। पशु खाकर बीमार हो रहे हैं। पेड़ पौधों को नुकसान हो रहा है।

जमीन बंजर हो रही हैं। जागरूक नागरिकों का कहना है कि गैर जिम्मेदार व्यक्ति को चिन्हांकित कर दंडित करने की व्यवस्था प्रशासन की ओर से होनी चाहिए।

## धर्मांतरण, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांग



■ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के नए पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार से विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर उनका स्वागत किया एवं जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को सुरक्षित और आम जनता के लिए सुगम बनाने ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने जिले में चल रहे धर्मांतरण मतांतरण, शहर में बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, गौ तस्करी की घटनाओं पर लगाम लगाने और थाना क्षेत्र में तस्करों पर कठोर कार्रवाई करने का निवेदन किया। धमतरी में अवैध घुसपैठ करने वाले पाकिस्तानी मुस्लिम, रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुस्लिम को चिन्हित कर बाहर निकालने हेतु भारत सरकार के निर्देशों को लागू करने का आग्रह किया। मौके पर जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन, जिला संयोजक रवि कुमार साहू, जिला विशेष संपर्क प्रमुख इंद्र कुमार निखिल, जिला प्रचार प्रमुख योगेंद्र साहू, नगर अध्यक्ष देवेंद्र देवांगन उपस्थित थे।

## मां विंध्यवासिनी स्कूल का परीक्षाफल उत्कृष्ट

■ पांचवीं में लुकेश कुमार, आठवीं में खनक प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मां विध्यवासिनी स्कूल का परीक्षाफल प्राचार्य एवं संचालक यशोदा सोनकर, पालकों एवं स्टाफ की उपस्थिति में घोषित किया गया। कक्षा नर्सरी में प्रथम साक्षी विश्वकर्मा 100 प्रतिशत, द्वितीय किंजल साहू 98.5 प्रतिशत, तृतीय शिवम मालेकर 98.5 प्रतिशत, कक्षा-केजी 1 में प्रथम प्रियांश सोनकर 100 प्रतिशत, द्वितीय लावन्या हिरवानी 99.00 प्रतिशत, तृतीय दीक्षा मोहिते 98.5 प्रतिशत, कक्षा के.जी.-2 में प्रथम हंसिका लोन्हारे 99.50 प्रतिशत, द्वितीय दीपाली सोनकर 96.50 प्रतिशत, तृतीय दिव्यांश साहू 95 प्रतिशत, कक्षा पहली में प्रथम डिंपल साहू 97.30 प्रतिशत, द्वितीय नेहा साहू 96.60 प्रतिशत, तृतीय रीतिका साहू 94. प्रतिशत, कक्षा दूसरी प्रथम में डिम्पी साहू 99 प्रतिशत, द्वितीय सिद्धार्थ साहू 97.50 प्रतिशत, तृतीय आजाद सिंह ध्रुव 94.50 प्रतिशत, कक्षा में तीसरी प्रथम हुलसी साहू 97 प्रतिशत, द्वितीय ईशा ठाकुर 93 प्रतिशत, तृतीय देव साहू पिता 92 प्रतिशत, कक्षा चौथी में प्रथम चंचल साहू 97.50 प्रतिशत, द्वितीय रीतुरानी साहू 97 प्रतिशत, तृतीय तुषार ढीमर 94 प्रतिशत, कक्षा पांचवी बोर्ड में प्रथम लुकेश कुमार साहू 90 प्रतिशत, द्वितीय दीक्षा मीनपाल 88 प्रतिशत, तृतीय माधुरी ढीमर 85 प्रतिशत, कक्षा 6 वीं प्रथम लुभांशु सोनकर 94.00 प्रतिशत, द्वितीय नूपुर मालेकर 90.80 प्रतिशत, तृतीय कंचन यादव 90.50 प्रतिशत, कक्षा 7 वीं प्रथम सौम्या टांडी 95.60 प्रतिशत, द्वितीय वंदना ध्रुव 88 प्रतिशत, तृतीय केतान्य साहू 83.60 प्रतिशत, कक्षा 8वीं बोर्ड में प्रथम खनक टाण्डी 93 प्रतिशत, द्वितीय उपासना साहू 92.67 प्रतिशत, तृतीय खुशी यदु 85 प्रतिशत रही।

विद्यालय परिवार ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मौके पर शिक्षिका कविता रणसिंह, सुमन उइके, सोहद्रा ध्रुव, धनेश्वरी सोनकर, पूनम सोनकर, भागेश्वरी यादव, डामन लाल साहू, ऐनुका निषाद, कृष्णा निषाद, चुम्मन साहू, श्री गुप्ता मौजूद थे।

## टेस्ट के लिए ओवरहेड टैंक से पानी छोड़ा तो कई जगह मिला लीकेज

कांग्रेस शासनकाल में गोकुलपुर पुराना बैला बाजार के पास बनाया गया है ओवरहेड टैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गोकुलपुर पुराना बैला बाजार के पास ओवरहेड टैंक बनकर तैयार है, लेकिन इसे अब तक शुरू नहीं किया जा सका है। पूर्व के कांग्रेस शासन काल में राइजिंग पाइप के माध्यम से इस ओवरहेड टैंक तक पाइपलाइन बिछाई गई और यहां से वार्डों में सप्लाई के लिए पाइप बिछाया गया था। शुक्रवार की शाम को जब टेस्ट करने के लिए पानी छोड़ा गया तो 10 से 12 स्थान पर लीकेज पाया गया। रुद्री रोड में पानी की धार बहते हुए नजर आई। अब इसमें सुधार कार्य किया जाएगा।

इस संबंध में जल विभाग के प्रभारी सदस्य अखिलेश सोनकर ने बताया कि यह पूर्व में कार्य किए ठेकेदार की लापरवाही है। पाइपलाइन बिछाने के बाद जब पूर्ण हुआ तो इसे टेस्ट किया जाना था लेकिन नहीं किया गया। अब जब पानी टंकी तैयार है और लोगों को पानी उपलब्ध कराना है तो टेस्ट किया गया तो कई जगह लीकेज पाया जा रहा है। इस लीकेज को महापौर के दिशा-निर्देश पर जल्द ही ठीक कराया जाएगा ताकि वार्डों में इस ओवरहेड टैंक के माध्यम से पानी प्राप्त हो सके।

## दूषित जल वाले नलकूपों का चिन्हांकन कर ग्रामीणों को अवगत कराएं

■ मौसमी बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्था करने कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बरसात में कई मौसमी बीमारी जैसे डायरिया, डेंगू, मलेरिया होने की संभावना बनी रहती है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इन बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश एसडीएम, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए हैं। उन्होंने मौसमी बीमारी से बचाव करने के उपाय के संबंध में आम लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई एवं स्वच्छता का ध्यान रखने, हैंडपम्प, पानी टंकी और नलों के आसपास पानी की निकासी और दूषित जल वाले नलकूपों का चिन्हांकन कर ग्रामीणों को अवगत कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उन्होंने जल स्त्रोंतों में दवा डालकर शुद्धिकरण करने और पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए ब्लीचिंग पाउडर आदि की व्यवस्था करने कहा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में नालियों की निकासी का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालियां जाम होने की स्थितक न हों, नालियों में पानी की निकासी सुगमता से की जाए। कलेक्टर ने प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में मौसमी बीमारियों से संबंधित दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

## गोलबाजार क्षेत्र में पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गोल बाजार के एरिया में पानी के लिये एक मोटर पम्प है जिससे पूरे गोल बाजार में पानी सप्लाई होती है। अभी कुछ दिनों से इस एरिया के बाथरूम व होटल के बाजू में पानी की सप्लाई बन्द है। पानी के लिये व्यवसायियों व सब्जी वालों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों तरफ का वाल्व खराब है जिसकी कम्प्लेन कई बार की गई है पर अभी तक कोई सुधारने वाला नहीं आया है। व्यापारियों ने महापौर से इस समस्या का निराकरण करने का आग्रह किया है।

## बच्चों ने वेस्टेज पेपर से खिलौने व टोपी बनाना सीखा



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

■ साहू सदन में बच्चे दिखा रहे अपनी प्रतिभा

साहू सदन नगरी में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज द्वारा समर क्लास का आयोजन किया गया है। पंचम दिवस के अतिथि हृदय लाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, भुनेश्वर साहू अंकेक्षक तहसील, दिनेश कुमार साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज नगरी, पदुम लाल साहू, लोमश प्रसाद साहू, सुमन आडिल , संवलू राम साहू थे।

माता कर्मा की पूजा अर्चना के पश्चात समर क्लास का शुभारंभ हुआ। निशा साहू ने रंगों के माध्यम से एकाग्रता बुद्धि परीक्षण गेम कराया। मास्टर ट्रेनर कौशल प्रसाद साहू ने लोशुग्रिड अंक ज्योतिष द्वारा अपना बर्थ चार्ट बनाना, मूलांक, भाग्यांक, कुआंक निकालकर राज योग, रिमेडियल फॉर मिसिंग नंबर, विचार प्लान, बिल प्लान, एक्शन प्लान, स्वर्ण योग राजयोग नंबरों पर जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर शशि कला बैरागी ने प्राथमिक स्तर के बच्चों को वेस्टेज पेपर से खिलौने व टोपी बनाना सिखाया।

रविशंकर साहू, प्रवीण साहू, निरंजना साहू, नेहा साहू, सागर साहू, प्रियांशु साहू, प्रतिमा साहू, महिमा साहू, वैभव साहू चुनेश्वर साहू ने सीखा। कार्यक्रम का संचालन यशपाल साहू व आभार प्रदर्शन लोचन साहू ने किया।

## सलोनी स्कूल का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शाउमावि सलोनी में कक्षा 10वीं में परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। 78 छात्र में से 62 छात्र उत्तीर्ण हुए। शाला का परिणाम 79 प्रतिशत रहा। 12वीं में 100 छात्र में 90 छात्र उत्तीर्ण हुए। शाला का परिणाम 90 प्रतिशत रहा। 10वीं में कुमारी नम्रता 91 प्रतिशत के साथ प्रथम तथा तारिणी 90 प्रतिशत द्वितीय रही। 12वीं में तुलेश्वर 91 प्रतिशत के साथ प्रथम, कंचन 90.6 प्रतिशत द्वितीय रही।

प्राचार्य आरके गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षक जीएस साहू, व्हीके श्रीवास, एनआर साहू, व्ही निंबालकर, श्रीमती सिद्धेश्वरी साहू, पीके यादव, हरीश साहू, त्रिलोक साहू, वासुदेव साहू, विजय जगने, हेमंत साहू, छन्नू चंद्राकर, ओपी साहू, करणजीत रैनो ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## भारतीय सेना पर हम सब भारतवासियों को गर्व है : कविता



**धमतरी।** जिपं सदस्य कविता बाबर ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पहलगाम पर आतंकी हमला और उसमें निर्दोष लोगों की जो हत्या हुई, वह बहुत ही निंदनीय है। भारत जैसे सर्व धर्म समभाव वाले देश में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर जो हत्या की गई है, वह पाकिस्तान की घृणित मानसिकता का परिचायक है। भारत शुरू से ही शांतिप्रिय देश रहा है। जियो और जीने दो के कथन को परिभाषित करने वाला देश है लेकिन पिछले आधे दशक से पाकिस्तान द्वारा रह- रहकर छद्म रूप से भारत की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर चोट करता रहा है। आज सारा जनसमुदाय सरकार के साथ खड़ा है। पाकिस्तान को उसके किए की सजा मिलनी चाहिए। भारतीय सेना ने विगत दिनों पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर वार करके उनके प्रशिक्षण कैंप व लॉन्चिंग पैड को नष्ट कर अपने अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है। ऐसी सेना को हम सब भारतवासी सैल्यूट करते हैं। भारतीय सेना की बदौलत आज हम अपने घरों में सुरक्षित हैं ।

पचपेड़ी के समाधान शिविर में 5 हजार से अधिक आवेदनों का हुआ निराकरण

## 41 हितग्राहियों को मिला शासकीय योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पचपेड़ी में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान सुशासन तिहार में मिले मांग, शिकायत और समस्या संबंधी कुल 5 हजार 100 आवेदन की जानकारी दी गई। प्राप्त आवेदनों में से 5 हजार 43 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। समाधान शिविर में 41 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर जिपं सदस्य श्रीमती पूजा सिन्हा, जनपद पंचायत कुरूद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, आनंद यदु सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। समाधान शिविर पचपेड़ी में कुल 41 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिला। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 महिलाओं की गोदभराई की गई। वहीं 8 बच्चों का अन्नप्राशन्न किया गया। इसी तरह 5 बच्चों को सुपोषण किट का वितरण भी किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को नया नल कनेक्शन दिया गया और खाद्य विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरित किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा 5 लखपति दीदीयों को लौकी, बैंगन और अन्य पौधे वितरित किये गये। सहकारिता विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को सरना बीज और किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय किया गया। श्रम विभाग द्वारा 7 हितग्राहियों को नया श्रमकार्ड बनाकर दिया गया और 2 हितग्राहियों के श्रमकार्ड का नवीनीकरण किया गया। पचपेड़ी में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पंचायत रामपुर, पचपेड़ी, हंचलपुर, बोरझरा, गाड़ाडीह आर., सिलघट, सुपेला, सेमरा बी., सिलीडीह, सिलतरा, सिर्वे, कुम्हारी को शामिल किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज